विश्व रेबीज दिवस पर पशु चिकित्सा महाविद्यालय में निःशुल्क टीकाकरण कार्यक्रम

जबलपुर। रेबीज की रोकथाम के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए फ्रांस के प्रसिद्ध रसायनज्ञ व सूक्ष्म जीव विज्ञानी लुईस पाश्चर की पुण्यतिथि के अवसर पर 28 सितंबर को प्रतिवर्ष विश्व रेबीज दिवस मनाया जाता है। लुईस पाश्चर ने ही रेबीज की रोकथाम हेतु पहला टीका विकसित किया था तथा रेबीज रोकथाम की नींव रखी थी। प्रतिवर्ष विश्व रेबीज दिवस के लिए एक अलग विषय का चयन किया जाता है, विश्व रेबीज दिवस 2022 का विषय है – **"वन हेल्थ जीरो डेथ"**। रेबीज एक विषाणु जनित रोग है यदि एक बार किसी मनुष्य या जंतु को रेबीज का संक्रमण होने से एवं लक्षणो के द्रृष्टिगत होने पर शत प्रतिशत मृत्यु निश्चित है। इसका विश्व में कोई उपचार उपलब्ध नही है। रेबीज के टीकाकरण के द्वारा इसका पूर्णतः रोकथाम संभव है। रेबीज रोग से संक्रमित होने के कारण एशिया एवं अफ्रीका महाद्वीप के लगभग साठ हजार लोग प्रतिवर्ष काल कवलित (मृत्यु) हो जाती है। भारत में रेबीज एक बड़ी सार्वजनिक स्वास्थ समस्या है, जिससे प्रतिवर्ष अनुमानित 20,000 लोगो की मृत्यु हो जाती है। यह मनुष्यों एवं पशुओं में रेबीज पीडित श्वान के काटने से फैलता है। श्वान के काटने पर बीमारी के लक्षण एक से तीन महीने में दिखाई देते है। रेबीज की रोकथाम के लिए श्वानों का रेबीज के विरूद्ध टीकाकरण कराना आवश्यक है। इस वर्ष जबलपुर शहर में स्थित पशुचिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय अपनी स्थापना का 75वाँ वर्ष (अमृत वर्ष) मना रहा है। यह महाविद्यालय प्रतिवर्ष अपनी सामाजिक स्वास्थ्य के प्रति उत्तरदायित्व निभाते हुए प्रतिवर्ष दो बार विश्व पशुचिकित्सा दिवस एवं विश्व रेबीज दिवस पर श्वानो का निःशुल्क टीकाकरण कार्यक्रम का आयोजन करता है। इसी तारतम्य में इस वर्ष भी महाविद्यालय अपनी स्थापना के अमृत महोत्सव की श्रंखला में निःशुल्क रेबीज टीकाकरण कार्यक्रम का आयोजन दिनांक 28/09/2022 को महाविद्यालय के पशु चिकित्सा परिसर में कर रहा है। रेबीज जैसी घातक बीमारी के प्रति जागरूकता बढ़ाने हेतु पशु चिकित्सा विश्वविद्यालय एवं पशुपालन महाविद्यालय जबलपुर में विभिन्न प्रतियोगिताऐं जैसे–निंबध लेखन, प्रश्नोत्तरी एवं चित्रकला प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। नानाजी देशमुख पशुचिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय, जबलपुर के माननीय कुलपति डॉ. (प्रो) सीता प्रसाद तिवारी के दिशा निर्देश एवं मार्ग दर्शन में तथा पशुचिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय, जबलपुर के अधिष्ठाता डॉ. आर.के. शर्मा के नेतृत्व में निःशुल्क टीकाकरण का आयोजन किया जा रहा है, इस हेतु समस्त जबलपुर वासियों का आवाहन किया है कि वे अधिक से अधिक श्वानों को पशु चिकित्सा परिसर में लाए व मुफ्त टीकाकरण कराकर समाज से इस घातक बीमारी को मिटाने की दिशा में अपना योगदान दें।

सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी
ना.दे.प.चि.वि.वि., जबलपुर